कोटद्वार, रविवार
15 मार्च 2026
वर्षः 48
अंकः 286 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### व्यापारी से एक करोड़ के वाहन, 45 लाख की नगदी हड़पी

देहरादून। राजपुर थाना क्षेत्र में जाखन चौकी में एक व्यक्ति पर एक करोड़ रुपये के वाहन व 45 लाख नकदी हड़पने का मामला सामने आया है। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। मूल रूप से हरियाणा निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि वह रिंग रोड क्षेत्र में रहकर वाहन किराये पर देने का व्यवसाय करते हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व उनकी जान–पहचान कैनाल रोड स्थित अंजलि गारमेंट्स के संचालक आदर्श वीर धवन उर्फ राहुल धवन से हुई। राहुल ने अपने व्यवसाय के लिए वाहन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। विश्वास में आकर अनिल और उनके साथियों ने वर्ष 2025 में अपनी दो स्कॉर्पियो, थार, स्विफ्ट और क्रेटा गाड़ियां उसे दे दीं, जिनकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। इसके अलावा, आरोपी ने अलग–अलग समय पर उनसे 45 से 46 लाख रुपये की नकदी भी ली। आरोप है कि जब फरवरी 2026 में वाहन और पैसे वापस मांगे गए, तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए भुगतान से इनकार कर दिया। पीड़ित को जानकारी मिली है कि आरोपी ने उनके वाहन अन्य लोगों के पास गिरवी रख दिए हैं या बेच दिए हैं।

### रात में लाइन लगाने की जरूरत नहीं, अब घर पर आएगा गैस सिलेंडर

देहरादून। देहरादून में रसोई गैस की किल्लत पर तेल कंपनियों ने उपभोक्ताओं को पैनिक (घबराने) न होने की सलाह दी है। कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि गैस की कोई किल्लत नहीं है और रात के समय एजेंसियों पर लाइन लगाने की जरूरत नहीं है। उपभोक्ता अपनी गैस बुक करवाएं, सिलेंडर उनके घर पर ही आएगा। यदि मिस्ड कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से बुकिंग नहीं हो पा रही है, तो कंपनी के आधिकारिक मोबाइल ऐप से बुकिंग करें। जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम पहुंचे आईओसी के सहायक प्रबंधक राकेश सिंह ने बताया कि सामान्य दिनों में रोजाना 50 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति होती थी, जिसमें वर्तमान में 20 फीसदी की कमी आई है। उन्होंने कहा कि लोग घबराकर गैस का कोटा खत्म होने की आशंका में 'एडवांस बुकिंग' करवा रहे हैं, जिससे बैकलॉग बढ़ रहा है।

### चारधाम यात्रा को लेकर परिवहन विभाग की तैयारियां शुरू

रुड़की। चारधाम यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए परिवहन विभाग ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार भीड़ बढ़ने पर श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पहले से ही योजना तैयार की जा रही है। देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड पहुंचते हैं। आगामी दिनों में शुरू होने वाली यात्रा को देखते हुए प्रदेश में आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए परिवहन विभाग के अधिकारी मंथन कर रहे हैं। चारधाम यात्रा के लिए अधिकतर श्रद्धालु दिल्ली की ओर से ही उत्तराखंड में प्रवेश करते हैं। गत वर्ष नारसन बॉर्डर हाईवे पर दिल्ली से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ग्रीन कार्ड सेंटर बनाया गया था। यहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आरामदायक ठहराव भवन, पेयजल, शौचालय और हेल्थ चेकअप जैसी व्यवस्थाएं की गई थीं। इस बार व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए परिवहन विभाग के अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

### रसोई गैस की कमी पर फूटा गुस्सा, सिलेंडर रखकर लगाया जाम

रुद्रपुर। रसोई गैस की कमी से नाराज लोगों ने किच्छा बाईपास स्थित मोदी मैदान के पास सड़क पर गैस सिलेंडर रखकर जाम लगा दिया, जिससे कुछ देर तक यातायात बाधित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सिलेंडर हटवाकर जाम खुलवाया, जिसके बाद यातायात सुचारू कराया गया। बताया जा रहा है कि मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण पिछले करीब दो सप्ताह से रसोई गैस की किल्लत बढ़ गई है।

# घबराहट में आकर न करें एलपीजी बुकिंग, देश में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति

## सरकार ने लोगों से की ये अपील



नई दिल्ली ,सरकार ने कहा कि देश में रसोई गैस (एलपीजी) का घरेलू उत्पादन करीब 30 प्रतिशत बढ़ गया है और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद भारत में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति मौजूद है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने एक अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि 5 मार्च की तुलना में देश की रिफाइनरियां अब करीब 30 प्रतिशत अधिक एलपीजी का उत्पादन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि घरों और जरूरी संस्थानों को रसोई गैस की सप्लाई बिना किसी रुकावट के मिलती रहे। शर्मा ने बताया कि एलपीजी सप्लाई में घरों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर राज्य सरकारों को भी उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि जरूरत के हिसाब से वे उन्हें प्राथमिकता के आधार पर वितरित कर सकें। सरकार ने यह भी भरोसा दिलाया है कि देश के पास पर्याप्त रिफाइनिंग क्षमता और ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है। भारत की मौजूदा कच्चे तेल को रिफाइन करने की क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है, और देश की रिफाइनरियां फिलहाल पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। शर्मा ने कहा कि इसी वजह से भारत पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में लगभग आत्मनिर्भर हो गया है, जिससे इन ईंधनों के आयात की जरूरत कम हो गई है। उन्होंने बताया कि देश में कहीं भी पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं है और करीब एक लाख पेट्रोल पंपों में से किसी ने भी ईंधन खत्म होने की स्थिति की सूचना नहीं दी है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और उनके पास पर्याप्त ईंधन का स्टॉक मौजूद है। शर्मा के अनुसार, रिफाइनरियों के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार भी मौजूद है, और इसकी आपूर्ति लगातार की जा रही है ताकि संचालन सुचारु बना रहे।

### लॉरेंस गैंग ने रैपर बादशाह को दी धमकीः सोशल मीडिया पर डाली पोस्ट

पानीपत। लॉरेंस गैंग ने रैपर बादशाह को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर धमकी दी है। रणदीप मलिक अनिल पंडित नाम के सोशल मीडिया पेज पर धमकी भरी यह पोस्ट डाली गई है। पोस्ट में रैपर बादशाह के टटीरी गाने का जिक्र करते हुए लिखा गया है "गाने से हरियाणा की संस्कृति को खराब करने का प्रयास किया गया है। पहले 2024 में तेरे कल्ब पे तुझे ट्रेलर दिखाया था। इस बार सीधा तेरे माथे में गोली मारेंगे"

**पानीपत में मनी एक्सचेंज कार्यालय में फायरिंग**

पानीपत शहर की पॉश कॉलोनी मॉडल टाउन में शनिवार दोपहर बाद सवा तीन बजे असंध रोड अनेजा पेट्रोल पंप के पास मनी एक्सचेंज कार्यालय पर तीन बदमाशों ने दिनदहाड़े फायरिंग की। मोटरसाइकिल पर आए बदमाशों ने कार्यालय के शीशे पर बाहर से ही सात राउंड फायर किए। कार्यालय संचालक ने बदमाशों की रेकी करने का पता चलने पर आधे घंटे पहले ही डायल 112 पर कॉल कर पुलिस बुलाई थी। वह टीम के कहने पर पुलिस थाने में शिकायत देने गया था।

# सल्ट में कार खाई में गिरी, पीएनबी के हेड कैशियर की मौत





अल्मोड़ा। जिले के सल्ट क्षेत्र में कूपी बेंड के पास शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार व्यक्ति की मौत हो गई। अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार में सवार व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान पंजाब नेशनल बैंक की थलीसैंण शाखा में कार्यरत हेड कैशियर सुभाष सिंह बिष्ट के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह करीब 7:25 बजे सूचना मिली कि कूपी बेंड के पास एक वैगनआर कार सड़क से फिसलकर लगभग 60 मीटर गहरी खाई में गिर गई है। सूचना मिलते ही सल्ट थाना प्रभारी कश्मीर सिंह पुलिस टीम और रेस्क्यू उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर कार संख्या यूके–19बी–0880 सड़क से नीचे गहरी खाई में गिरी हुई थी और वाहन के भीतर एक व्यक्ति फंसा हुआ था। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाकर व्यक्ति को कार से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान 35 वर्षीय सुभाष सिंह बिष्ट पुत्र धीरेंद्र सिंह बिष्ट के रूप में हुई है। वह कचनाल गाजी, बिजली घर के पास, काशीपुर (जनपद उधम सिंह नगर) के निवासी थे। उनका मूल निवास ग्राम सुनवर्मा तल्ला, पटवारी क्षेत्र गुजडू, तहसील धुमाकोट, जनपद पौड़ी गढ़वाल बताया गया है। बताया गया कि सुभाष सिंह बिष्ट वर्तमान में पंजाब नेशनल बैंक की थलीसैंण शाखा में हेड कैशियर के पद पर तैनात थे। हादसे की सूचना मिलते ही उनके परिवार और परिचितों में शोक की लहर फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर वाहन के अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिरने को हादसे का कारण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कूपी बेंड क्षेत्र में सड़क संकरी होने और तीखे मोड़ों के कारण अक्सर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# किसान हमारे अन्नदाता और असली नायक : धामी

## पंतनगर में 119वें अखिल भारतीय किसान मेले का मुख्यमंत्री ने किया शुभारम्भ

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कृषि एवम् प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में 119वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया व विश्विद्यालय साहित्य का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए हर्ष का विषय है कि पंतनगर विश्वविद्यालय में 119वें कृषि मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार के मेले आयोजन कृषकों के लिए अति महत्वपूर्ण होते हैं, नवाचारों की जानकारियां मिलती है व वैज्ञानिकों से सीधे संवाद का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान बन्धु हमारे अन्नदाता है व हमारे असली नायक हैं। किसानों की मेहनत व समर्पण से ही हमे अन्न मिल रहा है और देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्पना में किसान की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषकों के मेहनत व समर्पण से ही गांव, क्षेत्र और देश का विकास होता है। इस मौके पर कुलपति पंतनगर विश्वविद्यालय डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, विधायक तिलक राज बेहड, मेयर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, फरजाना बेगम, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व दर्जा मंत्री राजेश कुमार, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति आदि मौजूद थे।

**केंद्र से 25 करोड़ की पहली किस्त जारी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के 10 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी की है। प्रदेश के 09 लाख से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि को जंगली जानवरों से बचाव के लिए घेरबाड़ हेतु केंद्र द्वारा हमें प्रथम किस्त के रूप में 25 करोड़ की धनराशि जारी की गई है।

**मौन पालन की अपार संभावनाएं**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में फलों के उत्पादन में ढ़ाई प्रतिशत तक वृद्धि हुई है तथा मशरूम का उत्पादन 27 हजार मीट्रिक टन हो गया है व मशरूम उत्पादन में हम देश में पांचवें स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मौन पालन की अपार संभावनाएं हैं, राज्य में 33 सौ मीट्रिक टन शहद उत्पादन हो रहा है और हम देश में 08वें स्थान पर आ गए हैं।

### जसपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती की मौत

काशीपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती की मौत हो गई है। परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि अभी तक तहरीर नहीं दी है। मोहल्ला जुलाहान से सटी पप्पू कॉलोनी (ग्राम खेड़ा) निवासी 22 वर्षीय नाजमा पत्नी शाहनवाज शुक्रवार को घर में सोई थी। शनिवार सुबह वह मृत मिली। पड़ोसियों ने नाजमा के परिजन एवं पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर आये परिजनों ने हंगामा करते हुए ससुरालियों पर नाजमा की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया। वहीं, सूत मिल चौकी इंचार्ज इंदर सिंह ढेला, तहसीलदार दलीप सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू की। अफसरों के मुताबिक मृतका के गले पर निशान मिले हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टर्माटम के लिए भेजा है। उसका पति मजदूरी करता है। तथा वह दो दिन पहले ही अलीगढ़ से आया था। पति के मुताबिक नाजमा ने अपने कमरे में फांसी लगा ली।

# मसूरी के लिए मंत्री गणेश जोशी ने 15 साल में क्या किया बताएं: हरक सिंह



देहरादून। कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत ने उत्तराखंड सरकार की ओर से पेश किए गए बजट को निराशा जनक बताया। कहा कि भले ही एक लाख 11 करोड़ का बजट था जिसमें दस प्रतिशत भी विकास के लिए नहीं था। उन्होंने सवाल पूछा कि मसूरी के लिए मंत्री गणेश जोशी ने 15 साल में क्या किया बताएं मसूरी पहुंचे कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत ने कहा कि 90 प्रतिशत बजट नॉन प्लान पर खर्च होता है। दस प्रतिशत स्वास्थ्य, सड़क बिजली पानी, पांच दिन में बजट रखना गंभीरता नहीं है। उत्तर प्रदेश में एक महीना बजट सत्र चलता था। तीस से पैतींस विभाग ऐसे हैं जिन पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए थी। अगर खानापूर्ति होनी थी व ऐसे ही बजट पास होना था तो यह बेकार है। हर विभाग पर चर्चा होनी चाहिए थी। उन्होंने मसूरी विस सीट से चुनाव लड़ने पर कहा कि वह प्रदेश के कई विधानसभाओं में सक्रिय हैं, हर जगह जा रहे हैं, ऐसे में पार्टी जो आदेश करेगी उसका पालन किया जाएगा। आरोप गलाया कि मसूरी के मंत्री को अपने विभाग के बारे में ही पता नहीं है कि कितना अनाज होना है। कहा कि उन्हें कम से कम अनुमानित तो बोलना चाहिए था। पार्टी कहेगी तो मसूरी से लड़ूंगा। कहा कि यह सरकार खनन व भू माफियाओं की सरकार है। आरोप लगाया कि पचास प्रतिशत खुला कमीशन का खेल चल रहा है। बाहर के लोग यहां का सर नेम लगाकर वसूली कर रहे हैं।

## राहुल गांधी ने एएसपी पर सरकार को घेरा

# किसानों के लिए भाजपा की नीयत पर उठाए सवाल



नई दिल्ली। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वादा नहीं निभाने को लेकर सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपने फायदे के लिए देश की खेती–किसानी को कुर्बान करने को तैयार है।

एमएसपी पर सदन में अपने सवाल पर सरकार के जवाब को आधार बनाते हुए कांग्रेस नेता ने यह आशंका भी जताई कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील से भी एमएसपी की वर्तमान नीति पर किसानों के हित के विपरीत बदलावकारी असर पड़ेगा।

एमसपी पर 10 मार्च को पूछे अपने सवाल तथा उस पर सरकार के जवाब को फेसबुक पर साझा करते हुए राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा कि 2021 में किसानों से किया गया सी2 50 प्रतिशत कानूनी एमएसपी का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ?

सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी एमसपी नीति दोहरा दी। नेता विपक्ष के अनुसार सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस खत्म करने का दबाव डाला, जिसे बिना किसी तर्क के राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के नाम पर सही ठहराया गया। ट्रेड डील से जुड़े सवाल को गंभीर बताते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में ह्र नॉन ट्रेड बैरियर्स" घटाने की बात कही गई है।

**इसका मतलब क्या?**

एमएसपी और सरकारी खरीद को कमजोर करना है? सरकार इस सवाल से भी बच रही है।राहुल गांधी ने आगे कहा कि मोदी सरकार किसानों से किया वादा तो निभाना नहीं चाहती, अपने स्वार्थ के लिए वह भारत के कृषि क्षेत्र को कुर्बान करने को भी तैयार है। लेकिन हम किसानों के अधिकार और एमएसपी की रक्षा के लिए संसद के भीतर और बाहर आवाज उठाते रहेंगे।

### तमिलनाडु सरकार का बड़ा फैसला, रेस्तरां और होटलों के लिए बिजली पर सब्सिडी का एलान

नई दिल्ली । तमिलनाडु सरकार ने छोटे खानपान कारोबारों को एलपीजी पर निर्भरता घटाने और बिजली के चूल्हे अपनाने के लिए 2 रूपये प्रति यूनिट बिजली सब्सिडी देने का फैसला किया है, ताकि ईंधन आपूर्ति की अनिश्चितता के असर को कम किया जा सके। आगामी चुनाव के देखते हुए सरकार का यह फैसला अहम माना जा रहा है। तमिलनाडु सरकार ने रेस्तरां, होटलों और चाय की दुकानों को व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की जगह बिजली के चूल्हों का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु बिजली पर 2 रूपये प्रति यूनिट सब्सिडी देने की घोषणा की है। सरकार ने कहा कि यह फैसला 28 फरवरी से पश्चिम एशिया में शुरू हुए संघर्ष के बाद खानपान प्रतिष्ठानों के लिए व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर को लेकर पैदा हुई चिंताओं के बीच लिया गया है। सरकार के मुताबिक, संकट शुरू होने के बाद से मुख्यमंत्री एमके स्टालिन लगातार समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य छोटे और मध्यम स्तर के खानपान कारोबारों को वैकल्पिक ऊर्जा व्यवस्था उपलब्ध कराना और ईंधन आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता के प्रभाव को कम करना है।

# मसूरी में क्रिकेटर कुलदीप यादव और वंशिका चड्ढा की हुई शाही शादी

## कई सितारे हुए शामिल



देहरादून। पर्वतीय पर्यटन नगरी मसूरी की खूबसूरत वादियों में शनिवार को भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव अपने बचपन की दोस्त वंशिका चड्ढा के साथ विवाह बंधन में बंध गए।

शहर के प्रतिष्ठित द सेवाय होटल में आयोजित इस भव्य समारोह में क्रिकेट, संगीत और फिल्म जगत की कई नामचीन हस्तियों की मौजूदगी ने इसे यादगार बना दिया। दूल्हे कुलदीप यादव शाही घोड़ी पर सवार होकर मंडप तक पहुंचे, जबकि दुल्हन वंशिका चड्ढा की एंट्री विंटेज कार में हुई। रोशनी, संगीत और रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच मेहमान जश्न का हिस्सा बने रहे। इस खास मौके पर क्रिकेट जगत के कई सितारे मसूरी पहुंचे। समारोह में युजवेंद्र चहल, रिंकू सिंह, सुरेश रैना, भुननेश्वर कुमार जैसे खिलाड़ी शामिल हुए। वहीं, भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा और टीम के फिल्डिंग कोच टी दिलीप समेत पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ भी मुख्य विवाह समारोह में शामिल होने के लिए मसूरी पहुंचे। संगीत जगत से मशहूर गायक कैलाश खेर और फिल्म अभिनेता कुणाल कपूर ने भी समारोह में शिरकत की। इसके अलावा आध्यात्मिक गुरु धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भी नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने पहुंचे। शादी से एक दिन पहले हल्दी, मेहंदी, संगीत और काकटेल समारोह आयोजित हुए, जिनमें मेहमानों ने गीत–संगीत और नृत्य का भरपूर आनंद लिया।

**रायल आइवरी थीम में सजा पूरा समारोह**

इस भव्य विवाह की सबसे खास बात इसकी रायल आइवरी थीम रही। मंच, पृष्ठभूमि, पर्दे और फूलों की सजावट हल्के क्रीम और सफेद रंग के संयोजन में की गई थी। हल्की सुनहरी रोशनी व झूमरों की चमक ने पूरे समारोह को शाही और सुरुचिपूर्ण रूप दिया।

# ईरान युद्ध का भारत पर क्या पड़ेगा असर? पीएम मोदी ने बताया केंद्र सरकार का प्लान, कांग्रेस पर साधा निशाना



नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। पश्चिम एशिया के हालात का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने विपक्षी दलों की ओर से हो रही राजनीति पर सवाल उठाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इतने बड़े वैश्विक संकट में राजनीति ढूंढ रही है। कांग्रेस जानबूझकर उकसाने वाले बयान दे रही है। वो गैर–जिम्मेदाराना बयान दे रही है ताकि स्थितियां बिगड़ जाएं और हमारे लोग वहां संकट में फंस जाएं। फिर ये लोग मिलकर पीएम मोदी को गालियां देने की रील बनाने का अभियान शुरू कर सकें। यही उनका खेल है।

**राहुल गांधी भारत में हो रहे विकास से अनभिज्ञ**

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कांग्रेस और इसके नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्हें देश में हो रहे विकास की जानकारी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें यह भी नहीं पता कि भारत के युवा और कई कंपनियां ड्रोन निर्माण के क्षेत्र में काम कर रही हैं और इनमें केरल की कंपनियां भी शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस पश्चिम एशिया संकट के मुद्दे पर राजनीति कर रही है।

**'मध्य एशिया में आज जो कुछ हो रहा...**

पीएम मोदी ने केरल में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य एशिया में आज जो कुछ भी हो रहा है, उससे आप सभी का चिंतित होना बहुत स्वाभाविक है। हमारे लाखों भाई–बहन वहां काम करते हैं। लेकिन आपको याद रखना है कि आज देश में बीजेपी–एनडीए की सरकार है। जब भी हमारा कोई देशवासी संकट में पड़ा है, हमने उसे सुरक्षित बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी है।

**आज का भारत अपने नागरिकों अकेला नहीं छोड़ता**

पीएम मोदी ने कहा कि ईराक में फंसी नर्सों को बचाने की बात हो या यमन के आतंकवादियों के चंगुल से फादर टॉम को आजाद कराने का काम, आज का भारत अपने नागरिकों को संकट में अकेला नहीं छोड़ता। आज भी हमारा प्रयास है कि युद्ध के हालत में फंसे भारतीयों को सुरक्षा मिले, हर संभव सुविधा मिले।

### अबू धाबी से भारतीयों को लेकर बेंगलुरु पहुंची फ्लाइट

बेंगलुरु, मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच अबू धाबी से बेंगलुरु आ रही एतिहाद एयरवेज की उड़ान ईवाई–262 आज केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गई। अबू धाबी से बेंगलुरु पहुंचे भारतीय नागरिकोंरूने बताया कि कुवैत और बहरीन की तुलना में संयुक्त अरब अमीरात में स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर है, हालांकि उन्होंने संघर्ष जारी रहने की स्थिति में भारतीय कामगारों पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव के बारे में आशंका भी व्यक्त की। ईरान और अमेरिका–इजरायल के बीच बढ़ते तनाव ने इस क्षेत्र में रहने वाले भारतीयों के बीच बेचैनी पैदा कर दी है। एक यात्री ने भारतीय मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चल रही उन खबरों का खंडन किया, जिनमें दुबई के प्रमुख स्थलों पर हमले का दावा किया गया था। यात्री ने कहा, भारतीय मीडिया में दिखाई जा रही खबरें कि बुर्ज खलीफा पर हमला हुआ है, कुछ दीवारें क्षतिग्रस्त हुई हैं, ये सब झूठी खबरें हैं। इन सब बातों पर विश्वास न करें। जब भी कोई हमला होता है, तो कुछ न कुछ होता है, मलबा वगैरह गिर जाता है, उससे धुआं निकलता है और ऐसा हो रहा है।

## शशि थरूर की सरकार से अपील

# ईरान युद्ध खत्म कराने के लिए कूटनीतिक पहल करे भारत



तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि अमेरिका–इस्त्राइल और ईरान के युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य लगभग बंद है, जिससे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि संघर्ष में ईरान ज्यादा नुकसान झेल रहा है, लेकिन वह तेल और जहाजों के रास्ते सीमित कर दुनिया पर दबाव बनाए रख सकता है। अमेरिका–इस्त्राइल और ईरान के बीच जारी युद्ध पर शनिवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य तभी खुल सकता है जब युद्ध खत्म होगा, क्योंकि ईरान के पास दुनिया पर दबाव बनाने के बहुत कम तरीके हैं। उन्होंने कहा कि इस समय ईरान कमजोर स्थिति में है। थरूर ने मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि 13 अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं और करीब पांच हजार ईरानी भी मारे गए हैं। संघर्ष का संतुलन पूरी तरह ईरान के खिलाफ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पंचायत के पास पैसा तो है, पर भूमि नहीं, कूड़ा निस्तारण बना चुनौती

चमोली। उत्तोली गांव के समीप किए जा रहे कूड़ा निस्तारण पर विवाद की स्थिति उत्पन्न होने के बाद नगर पंचायत नंदानगर की ओर से नए जगह पर कूड़ा निस्तारण के लिए भूमि की तलाश की जा रही है। इसके लिए नगर पंचायत को शासन से धनराशि भी स्वीकृत हुई है। नगर क्षेत्र में बढ़ते कचरे के प्रभावी निस्तारण के लिए उपयुक्त जमीन नहीं मिलने से समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। अभी तक उत्तोली गांव के सगोला तोक में कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है। मगर स्थानीय लोगों ने कूड़ा डालने का विरोध किया है। उनका कहना है कि कूड़े में भोजन की तलाश में वन्यजीव पहुंच रहे हैं। मवेशी भी यहां होटलों से डाला गया बासी खाना खा रहे हैं। क्षेत्र में गंदगी फैल रही है और वातावरण भी दूषित हो रहा है। लोगों के विरोध के बाद अब नगर पंचायत दूसरी जगह पर कूड़ा निस्तारण केंद्र के लिए भूमि तलाश रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष बीना देवी का कहना है कि स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कूड़ा निस्तारण संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए आवश्यक बजट भी उपलब्ध है, लेकिन नगर क्षेत्र के भीतर या आसपास ऐसी उपयुक्त जमीन नहीं मिल पा रही है जहां कचरा प्रबंधन केंद्र बनाया जा सके। जमीन की अनुपलब्धता के कारण योजना अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। इसके लिए एसडीएम को भूमि उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। जल्द ही नगर क्षेत्र का अलग कूड़ा निस्तारण केंद्र बनाया जाएगा।

### गैरसैंण स्थायी राजधानी न बनाने पर सरकार का पुतला फूंका

चमोली। उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को गोपेश्वर में प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। गैरसैंण को स्थायी राजधानी न बनाए जाने के विरोध में सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। शनिवार को दल के कार्यकर्ताओं ने सरकार के विरोध में जोरदार नारेबाजी भी की। दल के जिलाध्यक्ष युद्धवीर सिंह नेगी ने कहा कि गैरसैंण हमारे शहीद आंदोलनकारियों का सपना था। इस राज्य की लड़ाई के लिए हमारे आंदोलनकारियों ने अपने प्राणों की प्रवाह न करते हुए लड़ाई लड़ी, लेकिन भाजपा और कांग्रेस ने गैरसैंण को स्थाई राजधानी न बनाकर उनका अपमान किया है। इस मौके पर संगठन मंत्री सौरभ नौटियाल, अंकित पंत, मीडिया प्रभारी अनिल बुटोला, अशोक, दीपक, कुंवर दानू, महावीर पंवार, सुदर्शन, सूरज आदि मौजूद रहे।

### इस बार चारधाम यात्रा में महिलाएं करेंगी फूल व शहद की बिक्री

चमोली। चारधाम यात्रा के दौरान महिला समूह इस बार श्रद्धालुओं को फूल और स्थानीय शहद भी उपलब्ध कराएंगे। इससे स्वरोजगार के साथ ही श्रद्धालुओं को आसानी से स्थानीय स्तर पर उत्पादित फूल और शुद्ध शहद उपलब्ध हो सकेगा। स्थानीय महिला समूहों ने कुछ साल पहले पंच बदरी प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया। इससे महिलाएं हर साल लाखों की आय अर्जित करती हैं। अब महिलाएं यात्रा काल में फूलों व स्थानीय स्तर पर उत्पादित होने वाला शुद्ध शहद भी श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराएंगे। महिलाओं ने अपने खेतों में गेंदा, गुलाब व तुलसी की खेती शुरू कर दी है। साथ ही यात्रियों को पहाड़ी उत्पाद के तौर पर शहद भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए भी ब्लॉक स्तर पर महिलाओं के साथ कार्य किया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी मोहन जोशी ने बताया कि पंच बदरी प्रसाद की सफलता के बाद अब समूह यात्राकाल में श्रद्धालुओं को फूल व शहद भी उपलब्ध कराएंगी।

### धर्मेंद्र सिंह रावत बने उत्तरांचल प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष

देहरादून। उत्तरांचल प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन देहरादून का जिला स्तरीय चुनाव शनिवार को संपन्न हुआ। इसमें जिलाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सिंह रावत निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया में जिले के 185 साधारण सभा डेलीगेट और अन्य सदस्य शिक्षक उपस्थित रहे। संगठन के मंत्री पद सहित कुल 20 पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। वक्ताओं ने कहा कि यह संगठन में आपसी एकता, विश्वास और सहयोग का प्रतीक है। निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से रुवाक पूरी मंत्री, योगेश गुप्ता कोषाध्यक्ष राकेश राणा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह नेगी, दामिनी, मंजीत सोलंकी, प्रीतम सिंह, चमन सिंह, रमेश शर्मा, बसंत डंडरियाल, सरिता देवी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

# उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति और लोकपर्व सांस्कृतिक धरोहर : धामी

### मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास में मनाया लोकपर्व फूलदेई

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में सपरिवार लोकपर्व फूलदेई मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को फूलदेई की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति और लोकपर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कहा कि हमें अपने लोक त्योहारों को धूमधाम से मनाना चाहिए, जिससे कि यह त्यौहार आने वाली पीढ़ी तक पहुंचे और हमारी लोक संस्कृति हमेशा अमर रहे।



मुख्यमंत्री आवास में लोकपर्व फूलदेई हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। पारंपरिक परिधान पहनकर आए बच्चों ने घर की देहरी पर फूल व चावल अर्पित किए और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों ने फूल देई-छम्मा देई, जतुके दियाला-उतुके सई जैसे लोकगीत गाए। मुख्यमंत्री ने बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकपर्व फूलदेई राज्य की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं और प्रकृति के प्रति सम्मान के भाव को बनाए रखने का त्योहार है।

कहा कि यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन के साथ प्रकृति की सुंदरता और जीवन में नई ऊर्जा का संदेश देता है। यह त्योहार दर्शाता है कि जीवन में हमेशा प्रकृति का आभार व्यक्त करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, बसंत के स्वागत और हमारी लोकसंस्कृति के संरक्षण का संदेश देने वाला फूलदेई पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने और आने वाली पीढ़ियों को इन अमूल्य परंपराओं से परिचित कराने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर श्रीमती गीता पुष्कर धामी भी मौजूद रही।

### पांडुकेश्वर में शराब पीने व पिलाने पर लगाया प्रतिबंध

चमोली। पांडुकेश्वर गांव में ग्रामीणों ने गांव में किसी भी सार्वजनिक कार्य में शराब पीने व पिलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है।

ग्रामीणों ने खुली बैठक कर निर्णय लिया। कहा, किसी भी सार्वजनिक कार्य में शराब परोसने पर 51 हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया जाएगा। ग्राम प्रधान मनोरमा देवी की अध्यक्षता में शनिवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि गांव में किसी भी सार्वजनिक कार्य में शराब परोसना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई परिवार गांव में शराब परोसता पाया जाता है तो 51 हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया जाएगा। इस दौरान राजदेव मेहता, जगदीश पंवर, कल्याण सिंह भंडारी, जसवीर मेहता, भगत सिंह मेहता, युवक मंगलदल अध्यक्ष निश्चय मेहता, हरेंद्र भंडारी, किशन पंडवाल, महिला मंगल दल अध्यक्ष वीना पंवार, बीडीसी सदस्य साधना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## गंगी में जल्द शुरू होगा एएनएम सेंटर का निर्माण कार्य

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक के सीमांत गंगी गांव में एएनएम सेंटर निर्माण की राह अब आसान हो गई है। जिला योजना से केंद्र निर्माण के लिए 80 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। धनराशि स्वीकृत होने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

वर्तमान में गांव में एएनएम सेंटर का संचालन निजी भवन में किया जा रहा है जहां पर्याप्त जगह और आवश्यक संसाधनों का अभाव बना हुआ है। नए भवन के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद की जा रही है। गंगी गांव में करीब 280 परिवार निवास करते हैं। अभी तक एएनएम सेंटर में टीकाकरण के लिए आने वाले बच्चों और गर्भवती महिलाओं को बैठने तक के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। ग्रामीण लंबे समय से गांव में स्थायी एएनएम सेंटर निर्माण की मांग करते आ रहे थे। ग्रामीणों की ओर से स्वास्थ्य विभाग को पिछले साल अपनी भूमि भी दान दी गई थी। भूमि की रजिस्ट्री पूरी होने के बाद अब जिला योजना से 80 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत मिल गई है।

सीएमओ डॉ. श्याम विजय सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सिंचाई खंड नई टिहरी को दी गई है। कार्यदायी संस्था को अगले छह माह के भीतर भवन निर्माण का कार्य पूरा करके हैंडओवर करना है। नया एएनएम सेंटर बनने से क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, टीकाकरण, प्रसव पूर्व और प्रसव बाद की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध हो सकेंगी। बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम भी व्यवस्थित तरीके से संचालित हो सकेगी।

## यूकेडी नेताओं पर गैरसैंण थाने में प्राथमिकी दर्ज

चमोली। पुलिस ने यूकेडी नेताओं पर गैरसैंण थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। यूकेडी के आशीष नेगी, द्वारहाट के पूर्व विधायक पुष्पेष त्रिपाठी सहित कई अन्य अज्ञात के खिलाफ, मारपीट, तोड़फोड़ और नियमों का उल्लंघन कर प्रदर्शन करने सहित सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। थानाध्यक्ष मनोज सिरौला ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है। नौ मार्च को स्थायी राजधानी की मांग को लेकर विधानसभा कूच के दौरान दिवालीखाल में पुलिस बैरियर पार किए थे। वहीं उत्तराखंड क्रांति दल के शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में उक्रांद कार्यकर्ताओं ने जनपद मुख्यालय में प्रदर्शन कर सरकार का पुतला दहन किया। वहीं कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने की भी मांग उठाई।

सरकार पर लगाया पैसे की बर्बादी का आरोपः शनिवार को उक्रांद के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर कार्यकर्ता बेलणी टैक्सी स्टैंड से जुलूस निकालते हुए मुख्य बाजार तक पहुंचे। इस दौरान हनुमान चौक पर सरकार का पुतला फूंका गया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि गैरसैंण के मुद्दे पर सरकार बार–बार जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल औपचारिक रूप से कुछ दिनों के लिए सत्र आयोजित कर जनता के पैसे की बर्बादी कर रही है, जबकि गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाया जाना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि पहाड़ की समस्याओं का समाधान गैरसैंण को राजधानी बनाने से ही संभव है और इसके लिए उक्रांद का संघर्ष जारी रहेगा।

### जेवर की चोरी व खरीदारी में दो गिरफ्तार

चमोली। 13 मार्च को गोपेश्वर कोतवाली में सुभाषनगर निवासी पूजा देवी ने चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि 11 मार्च को जब वे घर पर नहीं थे तो चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर आलमारी में रखा सोने का गुलबंद चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले के खुलासे के लिए विशेष टीम का गठन किया। गोपेश्वर थाने के एसआई विपिन त्यागी ने बताया कि जांच के बाद सुभाषनगर, मल्ला नैग्वाड़ निवासी प्रकाश आर्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। युवक ने चोरी की बात को कुबुल किया है। आरोपी ने चोरी का सामान गोपेश्वर के एक सुनार को 10 हजार रुपये में बेचने की बात कही। चोरी का माल खरीदने के आरोप में मंदिर मार्ग, गोपेश्वर निवासी ध्रुव रस्तोगी को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## 16 मार्च को शहीद मुकेश पांडे की याद में आयोजित होगा शहीदी दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** विकासखण्ड कल्जीखाल स्थित कलेथ गांव के शहीद मुकेश कुमार पांडे शहादत दिवस के रूप में 16 मार्च को शहीदी दिवस मनाया जायेगा। इष्टदेव निरंकार भगवान मंदिर में विशाल भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। बता दें कि मात्र 25 वर्ष में 1997 तत्कालीन भारत सरकार ने पूर्वोत्तर से आतंकवाद समाप्त करने के लिए ऑपरेशन रक्षक चलाया। अभियान के दौरान देश के लिए 16 मार्च 1997 को ही अपने दो साथियों के साथ देश करते हुए मुकेश कुमार पांडे शहीद हो गये। हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर शहादत दिवस के रूप में 16 मार्च को शहीदी दिवस मनाया जाता है।



इस वर्ष भी सोमवार को शहीदी दिवस मनाया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य गढ़कोट श्रीमती सविता देवी, विशिष्ट अतिथि पूर्व सैनिक संगठन के जिलाध्यक्ष मेजर राजेंद्र सिंह राणा, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शहीद मनीष पटवाल के पिताजी जगमोहन पटवाल मौजूद रहेगें। शहीद मुकेश कुमार पाण्डे स्मारक के संरक्षक शहीद स्वयंबर प्रसाद पांडे ने बताया कि शहीद मुकेश कुमार पांडेय की याद में 16 मार्च को शहीदी दिवस मनाया जायेगा। हालांकि सरकार द्वारा आजतक उनके बेटे के स्मृति में स्मारक के रूप में कोई स्मरण करने के लिए कोई कार्य नहीं किया। उन्होंने कहा कि जिन-जिन गांवों के सैनिकों ने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। गांव में सरकारों द्वारा शहीदी की याद मेले लगने चाहिए और उन गांवो में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य पर सरकारों को विशेष ध्यान देना चाहिए।

## छात्रसंघ अध्यक्ष पर महाविद्यालय की अनदेखी के आरोप लगाए

देहरादून। एमपीजी छात्र संघ पदाधिकारियों ने कॉलेज परिसर में पत्रकारों से बातचीत में छात्र संघ अध्यक्ष प्रवेश पंवार के द्वारा लगाये गये आरोपों को नकारा है। उन्होंने कहा कि वह जब से छात्र संघ अध्यक्ष बने हैं तब से शहर की राजनीति करने का प्रयास कर रहे हैं व कालेज की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे।शनिवार को कालेज परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में छात्र संघ विश्व विद्यालय प्रतिनिधि आशुतोष जोशी ने कहा कि छात्र संघ अध्यक्ष कालेज से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान न देकर अपनी राजनैतिक छवि को चमकाने का प्रयास कर रहे हैं। छात्र संघ चुनाव गत सितंबर माह में हुए थे, उसके बाद से आज तक उन्होंने छात्र संघ की बैठक नहीं बुलाई। न ही कालेज की समस्याओं पर कोई वार्ता की जबकि छात्र संघ में होने पर वह उनका सहयोग करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एमपीजी कालेज में वाणिज्य वर्ग बीकॉम बंद नहीं हुआ है वह चल रहा है लेकिन एमकॉम का एफिलेशन विश्व विद्यालय से लेना पड़ता है। इसके लिए 90 हजार रूपये जमा करने होते हैं। एमकॉम प्रथम वर्ष में केवल दो छात्र हैं जबकि दो प्राध्यापकों की कमी है।

# टनकपुर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दी चम्पावत को स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी सौगात

चम्पावत। जनपद चम्पावत के नागरिकों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उपजिला चिकित्सालय टनकपुर से एडवांस्ड कार्डियोवस्कुलर लाइफ सपोर्ट (अउछर) एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अत्याधुनिक एम्बुलेंस के संचालन से क्षेत्र के मरीजों को आपातकालीन परिस्थितियों में अधिक उन्नत और त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकेगी, जिससे गंभीर मरीजों को अस्पताल तक सुरक्षित एवं शीघ्र पहुंचाने में बड़ी सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर उपजिला चिकित्सालय टनकपुर में आधुनिक फेकोइमल्सीफिकेशन मशीन का भी लोकार्पण किया। इस अत्याधुनिक




मशीन की स्थापना से अब मोतियाबिंद सहित विभिन्न नेत्र रोगों का उपचार आधुनिक तकनीक के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा। इससे मरीजों को उपचार के लिए अन्य जनपदों की ओर नहीं जाना पड़ेगा तथा क्षेत्र के बुजुर्गों सहित सभी नेत्र रोगियों को विशेष लाभ मिलेगा।एडवांस्ड कार्डियोवस्कुलर लाइफ सपोर्ट (अउछर) एम्बुलेंस को बहल पेपर मिल्स लिमिटेड, काशीपुर (सीएसआर के अंतर्गत) उपलब्ध कराया गया है। यह एम्बुलेंस अत्याधुनिक जीवनरक्षक उपकरणों से सुसज्जित है, जो गंभीर हृदय रोग, दुर्घटना तथा अन्य आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने में सक्षम है। मुख्यमंत्री धामी ने अस्पताल परिसर में स्थापित नई डायलिसिस मशीन का भी निरीक्षण किया तथा उनकी कार्यप्रणाली के संबंध में चिकित्सकों से विस्तृत जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के आपातकालीन कक्ष (इमरजेंसी वार्ड) का भी भ्रमण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपचाराधीन मरीजों एवं उनके परिजनों से आत्मीय संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा उपचार व्यवस्था के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त किया।

### गैस की किल्लत के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

चमोली। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रसोई गैस की बढ़ती समस्या के विरोध में जिला मुख्यालय गोपेश्वर में प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री इसका जवाब देने के बजाय संसद से गायब हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता शनिवार को गोपेश्वर बस स्टैंड तिराह पर एकत्रित हुए। सिलिंडर, गैस चूल्हा लेकर उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

नाले में पाइप डालकर केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि एलपीजी की दिक्कत लगातार बढ़ रही है। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष उम्रा रावत ने कहा कि घरेलू हो या व्यावसायिक हर तरह की गैस मिलना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन करने वालों में मुकुल बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष विक्रम नेगी, ब्लॉक महामंत्री रविंद्र बर्त्वाल, मुकुल बिष्ट, महेंद्र नेगी, गिरीश आर्य, मदन लोहानी, जयवीर नेगी आदि मौजूद रहे।

## बदरीनाथ हाईवे पर पार्किंग निर्माण कार्य समय पर करें पूरा

चमोली। आवास विभाग के सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने शनिवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर बदरीनाथ हाईवे पर गौचर, कर्णप्रयाग और चमोली में निर्माणाधीन पार्किंग स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि यात्रियों और स्थानीय लोगों को पार्किंग की समस्या का सामना न करना पड़े।

गौचर में 27 वाहनों की क्षमता वाली पार्किंग का कार्य लगभग पूरा होने पर इसे जल्द संचालन के लिए तैयार करने के निर्देश दिए गए। वहीं कर्णप्रयाग में निर्माणाधीन पार्किंग का निरीक्षण करते हुए सचिव ने कार्य की गति तेज करने को कहा और निर्देश दिए कि आगामी नंदाराजजात यात्रा से पहले इसका निर्माण हर हाल में पूरा किया जाए। चमोली में दो पार्किंग बनाई जा रही हैं, जिनमें टैक्सी स्टैंड के पास 21 वाहनों और खड्डु साइड में 82 वाहनों की क्षमता होगी। सचिव ने कहा कि यात्रा मार्ग पर इन पार्किंग स्थलों का विशेष महत्व है, इसलिए निर्माण कार्य समय पर पूरा किया जाए।

सचिव ने अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर जाम वाले स्थानों की पहचान कर वहां भी पार्किंग के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग पर यातायात सुचारू रखने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है और गौचर, कर्णप्रयाग व चमोली में पार्किंग बनने से यात्राकाल में जाम से बड़ी राहत मिलेगी।

## नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में यूकेडी का प्रदर्शन



देहरादून। उत्तराखण्ड क्रांति दल के वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुकरेती के आह्वान पर महानगर देहरादून इकाई ने द्रोण चौक में भाजपा सरकार का पुतला दहन कर रोष व्यक्त किया। पार्टी नेताओं का आरोप है कि उक्रांद के वरिष्ठ नेता काशी सिंह ऐरी और पुष्पेश त्रिपाठी सहित अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी व युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशीष नेगी को नजरबंद किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। कार्यकर्ताओं ने इसे पूरी तरह अलोकतांत्रिक और जनभावनाओं के खिलाफ बताया।

### श्यामपुर में चाय की दुकानों पर ताले

हरिद्वार। एलपीजी की किल्लत का असर अब श्यामपुर क्षेत्र के छोटे कारोबारों पर भी दिखने लगा है। कांगड़ी, आर्य नगर और सजनपुर पीली सहित इनके आसपास के इलाकों में एलपीजी उपलब्ध न होने के कारण चाय की कुछ दुकानें बंद मिलीं। कई दुकानदार घरेलू सिलेंडरों के सहारे किसी तरह काम चला रहे हैं। यह भी सामने आ रहा है कि जिन उपभोक्ताओं ने समय रहते केवाईसी नहीं कराई है, उनको सिलेंडर मिलने में अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्यामपुर में चाय और मिठाई की दुकान चलाने वाले पुनीत कश्यप ने बताया कि सिलेंडर के लिए वे कनखल तक प्रयास कर चुके हैं, लेकिन उपलब्धता न होने के कारण दुकान बंद रखनी पड़ रही है। इस कारण छोटे कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है और वे जल्द आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद लगाए हुए हैं।



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया सीएम आवास कूच

देहरादून। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन उत्तराखंड ने प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी के नेतृत्व में सीएम आवास कूच किया गया। रेखा नेगी ने बताया कि वह लंबे समय से मानदेय बढ़ाने, सेवानिवृत होने पर 10 लाख देने का जीओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बायोमेट्रिक मशीन से न जोड़ने आदि मांगों को लेकर परेड ग्राउंड से मुख्यमंत्री आवास कूच किया। इस दौरान सुषमा जोशी, सुमन, अनीता, अंजू व सुशीला आदि मौजूद रही।

# चारधाम यात्रा से पहले ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की तैयारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों पर चारधाम यात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में आवास विभाग के सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने जनपद चमोली के गौचर, कर्णप्रयाग और चमोली में निर्माणाधीन तथा प्रस्तावित पार्किंग परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और सभी परियोजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्राथमिकता के अनुरूप चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सचिव डॉ. आर राजेश कुमार को बताया कि गौचर में पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इस पार्किंग की वाहन क्षमता 27 वाहनों की है और इसका निर्माण उत्तराखंड पेयजल एवं निर्माण निगम द्वारा कराया गया है। सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस पार्किंग को जल्द से जल्द संचालन के लिए तैयार किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों और यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान ऐसे छोटे लेकिन महत्वपूर्ण पार्किंग स्थल यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में अहम



भूमिका निभाते हैं। इसके बाद सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने कर्णप्रयाग में निर्माणाधीन पार्किंग परियोजना का निरीक्षण किया। इस पार्किंग का निर्माण जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, चमोली द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने निर्माण कार्यों की गति तेज करने के निर्देश देते हुए कहा कि आगामी नंदा राजजात यात्रा से पहले इस पार्किंग का निर्माण हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और उस समय यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था बेहद जरूरी है।

**चमोली में दो नई पार्किंग से मिलेगी राहत**

इसी क्रम में सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने चमोली में टैक्सी स्टैंड के समीप स्थित पार्किंग और खड्डु साइड स्थित पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि टैक्सी स्टैंड के पास बनने वाली पार्किंग की क्षमता 21 वाहनों की है, जबकि खड्डु साइड स्थित पार्किंग की क्षमता 82 वाहनों की होगी। इन दोनों पार्किंग स्थलों का निर्माण ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि आगामी चारधाम यात्रा से पहले इन पार्किंग स्थलों को श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के लिए संचालित किया जा सके।

**जाम वाले स्थानों की पहचान कर बनाई जाएगी नई पार्किंग**

निरीक्षण के दौरान सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने चारधाम यात्रा मार्ग पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां अक्सर जाम की समस्या उत्पन्न होती है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com